हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 2 सितंबर 2025
नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

04 महिला परियोजना में नियुक्ति में भ्रष्टाचार...




07 नपा प्रशासक ने जलविहार रूट यात्रा की तैयारियों का...



## खबर संक्षेप

### शांति समिति की बैठक की गई आयोजित

**कानड़।** सोमवार को आगामी त्योहारों को लेकर पुलिस थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें गणेश उत्सव के चलते फूलडोल ग्यारस, ईद मिलादुन्नबी व अनंत चतुर्थी को लेकर थाना प्रभारी राजकुमार दांगी द्वारा दोनों समुदाय के लोगों को दिशा निर्देश देते हुए शांति और सद्भावना से पर्व मनाने की बात कही। बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी शिव सिंह चौहान नगर, परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बाबूलाल बीजापारी, विधायक प्रतिनिधि दिनेश अंकल, शंकर सिंह कुमावत, मंदिर पुजारी प्रभाकर जोशी, दिनेश बैरागी, रमेश चंद्र त्रिवेदी एवं अखाड़ा संचालक के सदस्य और मुस्लिम समाज से शहर काजी सरफराज अली, मुशर्रफ बाबा सहित पत्रकार उपस्थित रहे।

### कभी भी दे सकेंगे अपना जीवन प्रमाण पत्र

**सीहोर।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन में पेंशनरों को दी जाने वाली सुविधाओं में एक नई सुविधा शामिल की गई है। ईपीएफ के दायरे में आने वाले रिटायर्ड कर्मचारी अब साल भर में कभी भी जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। अभी तक साल भर में सिर्फ एक बार नवंबर में जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने की सुविधा थी। पेंशनरों की सहूलियत के लिए अब ईपीएफओ ने नई व्यवस्था की है। इसके तहत कोई पेंशनर जिस महीने में जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करेंगे, अगले साल इसी महीने में उन्हें अगला प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।


### पुराने पुलों का पुनर्निर्माण होने से यातायात होगा सुगम, शहर का भी बदलेगा स्वरूप, वाहन चालकों को होगी सुविधा

# 5.50 करोड़ से बनेंगे दूल्हा बादशाह-बकरी पुल इंग्लिशपुरा व मछली पुल भी मंजूरी के लिए भेजे

विधायक सुदेश राय ने इन पुलों की दुर्दशा का मुद्दा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सामने रखा था। करीब तीन माह पहले जब मुख्यमंत्री सीहोर आए थे तब इस विषय को प्रमुखता से उठाया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

नगर लंबे समय से जर्जर पुलों की मार झेल रहा था। अंग्रेजों के जमाने में बने ये पुल अब शहरवासियों के लिए खतरा बन चुके थे। जगह-जगह दरारें पड़ चुकी थीं और ऊंचाई कम होने से हर बरसात में जलभराव और बाढ़ जैसे हालात खड़े हो जाते थे। मुख्य मार्गों पर स्थित इन पुलों से प्रतिदिन हजारों लोग गुजरते हैं, लेकिन उनका जर्जर ढांचा कभी भी हादसे का कारण बन सकता था। यही वजह रही कि पुलों के पुनर्निर्माण की मांग लगातार उठ रही थी।


**सीहोर।** अंग्रेजों के जमाने के बकरी पुल का अब पुर्ननिर्माण होगा।


**सीहोर।** दूल्हा बादशाह दरगाह के पास बने पुल को भी अब ब्रिज कार्पोरेशन बनाएगा।

### विधायक की पहल और मुख्यमंत्री की मंजूरी

सीहोर विधायक सुदेश राय ने इन पुलों की दुर्दशा का मुद्दा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सामने रखा था। करीब तीन माह पहले जब मुख्यमंत्री सीहोर आए थे तब इस विषय को प्रमुखता से उठाया गया। मुख्यमंत्री ने जनता की परेशानी को समझते हुए तुरंत मंजूरी दी और अब यह स्वप्न साकार होने जा रहा है। जनता का कहना है कि इस फैसले से शहर का यातायात सुगम होगा, दुर्घटनाओं का खतरा कम होगा और विकास का रास्ता खुलेगा।

**चार और पुलों का पुनर्निर्माण प्रस्तावित :** सिर्फ यही नहीं, नगर के अन्य चार जर्जर पुलों—इंगलशपुरा पुल, पुराना बस स्टैंड पुल, मछली पुल और अमर टॉकीज पुल के पुनर्निर्माण के लिए भी शासन को प्रस्ताव भेजे गए हैं। अनुमान है कि इन पर लगभग 7.50 करोड़ रुपए की लागत आएगी। मंजूरी मिलते ही इनका भी निर्माण कार्य ब्रिज कॉरपोरेशन द्वारा शुरू किया जाएगा।

#### शहर का बदलेगा स्वरूप

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बरसों से जर्जर पुलों की वजह से उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता रहा है। बारिश में तो हालात और बिगड़ जाते थे, जब जलभराव और बाढ़ जैसे हालात में पुलों पर आवागमन बंद हो जाता था। अब जब नए पुल बनने जा रहे हैं तो लोगों को यातायात में आसानी, सुरक्षा और राहत का अनुभव होगा। साथ ही शहर का चेहरा भी बदलेगा।

#### दूल्हा बादशाह और बकरी पुल पर अत्याधुनिक ब्रिज

ब्रिज कॉरपोरेशन के अनुसार दूल्हा बादशाह पुल लगभग 30 मीटर लंबा होगा, जबकि सीवन नदी पर स्थित बकरी पुल करीब 90 मीटर लंबा बनाया जाएगा। दोनों पल करीब 5.50 करोड़ की लागत से अत्याधुनिक तकनीक से तैयार होंगे ताकि वे आने वाले कई दशकों तक मजबूत और सुरक्षित बने रहें। इंदौर नाके से लुनिया चौराहा तक पहले से बन रही टू-लेन सड़क को भी इन नए पुलों से बड़ी राहत मिलेगी। शहर का स्वरूप बदलेगा और आवागमन में तेजी आएगी।

**सीहोर के विकास का नया अध्याय :** शहरवासी मानते हैं कि यह कदम सीहोर की विकास यात्रा में मील का पत्थर साबित होगा। लंबे समय से जिस सौगात का इंतजार था, वह अब हकीकत बनने जा रही है।

नए पुल सिर्फ यातायात का साधन नहीं बल्कि सीहोर के आधुनिक स्वरूप की पहचान बनेंगे। यह काम पूरा होने के बाद सीहोर न सिर्फ सुरक्षित होगा बल्कि विकास की दिशा में और तेज़ी से आगे बढ़ेगा।

#### चार पुलों के प्रस्ताव शासन को भेजे हैं

दूल्हा बादशाह और बकरी पुल के वर्क ऑर्डर जारी हो चुके हैं। जैसे ही बारिश का मौसम समाप्त होगा, निर्माण कार्य तुरंत शुरू कर दिया जाएगा। वहीं अन्य चार पुलों के प्रस्ताव भी शासन को भेज दिए गए हैं और स्वीकृति मिलते ही उन पर भी काम शुरू होगा।

**कैलाश वर्मा,** ब्रिज कार्पोरेशन सब इंजीनियर

# राधा अष्टमी पर हुए कई आयोजन

### गणेश पंडाल में सजाई राधा कृष्ण की सुंदर झांकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

गणेश उत्सव के चलते नगर के गणेश उत्सव समितियों द्वारा कई आयोजन किए जा रहे हैं। इसी तरह रविवार को राधा अष्टमी पर भी नगर में कई जगह भजन कीर्तन करते हुए। माताजी चौराहा पर विराजित कानड़ के राजा आयोजक समिति लव कुश मित्र मंडल द्वारा राधा अष्टमी के पावन पर्व पर महा आरती और महाप्रसादी का आयोजन किया गया। राधा अष्टमी पर पूरे गणेश पंडाल को विद्युत रोशनी से सजाया गया एवं राधा कृष्ण की सुंदर झांकी सजाई गई। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया जिसमें बालिकाओं द्वारा राधा कृष्ण की वेशभूषा में नृत्य किया। गणपति बाबा की महाआरती ढोल नगाड़े के साथ पुजारी आशीष चतुर्वेदी द्वारा एवं समिति के सदस्य द्वारा की गई। इस दौरान बड़ी जनसंख्या में महा आरती में भक्त शामिल हुए। महाआरती के बाद सभी भक्तजनों को प्रसाद वितरण किया गया।







# पूर्व मंत्री हरिभाऊ जोशी के नाम से नामकरण और प्रतिमा स्थापित करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नगर परिषद कार्यालय परिसर का नामकरण पूर्व मंत्री व वर्षों तक क्षेत्र के विधायक रहे स्व हरिभाऊ जोशी के नाम से नामकरण करने व परिसर में स्व जोशी की प्रतिमा स्थापित करने की मांग का पत्र नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष द्वारा मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को सौंपा गया।

रविवार को नगर में आए नगरीय विकास व आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को नप के पूर्व अध्यक्ष प्रेम राठौर द्वारा एक मांग पत्र सौंपा गया जिसमें उल्लेख किया गया कि मेरे कार्यकाल में नगर परिषद कार्यालय का निर्माण किया गया था तब परिषद में इस परिसर का नाम सुसनेर से वर्षों तक विधायक रहे व प्रदेश के पूर्व मंत्री स्व हरिभाऊ जोशी के नाम से करने का एवं परिसर में स्व जोशी की प्रतिमा स्थापित करने का प्रस्ताव पास किया गया था। साथ ही स्व जोशी की प्रतिमा भी बनवा ली गई थी जोकि आज भी रेन बसेरा परिसर में सुरक्षित रखी हुई है। उन्होंने पत्र में मंत्री विजयवर्गीय से परिसर का नामकरण स्व जोशी के नाम से कर उनकी प्रतिमा स्थापित करवाने की मांग की गई। इसी प्रकार की मांग भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रेम मस्ताना द्वारा भी मांग पत्र सौंपकर की गई। रविवार सायं नगरागमन पर मंत्री विजयवर्गीय का स्थान स्थान पर स्वागत किया गया। विजयवर्गीय युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जगदीश पाटीदार के निवास पर पहुंचे जहां पाटीदार व उनके परिजनों द्वारा स्वागत किया गया।

नगर में भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन वेदिया, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रेम मस्ताना, पूर्व नप अध्यक्ष प्रेम राठौर, भाजपा नेता अमित तांतेड़ सहित कई नेताओं द्वारा मंच बनाकर स्वागत किया गया। राठौर द्वारा विजयवर्गीय को सेवफल से तोला भी गया। मंत्री विजयवर्गीय प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिलीप सकलेचा के निवास पर भी पहुंचे जहां सकलेचा व परिजनों द्वारा उनका स्वागत किया गया।






# जायसवाल कॉलोनी में गणेशोत्सव में हो रहीं विभिन्न प्रतियोगिता




हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

स्थानीय जायसवाल कॉलोनी में रिद्धि सिद्धि के दाता गणेश जी की स्थापना विघ्नहर्ता मित्र मंडल के बच्चों ने विधिविधान से की है। जहाँ प्रतिदिन बच्चों द्वारा रात्रि को ढोल की थाप एवं झाँझ द्वारा गणेश जी की आरती कर प्रसादी वितरण किया जा रहा है। आरती में जायसवाल कॉलोनी के निवासी भी सपरिवार शामिल हो रहे हैं। बच्चों द्वारा प्रतिदिन अलग अलग खेल एवं प्रतिस्पर्धा एक मिनट, चेयर रेस, निम्बू रेस, क्विज प्रतियोगिता एवं रिकार्ड एक्शन द्वारा फिल्मों के नाम बताना आयोजित की जा रही है। बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए बच्चों के साथ साथ बड़े भी विभिन्न खेलों में भाग ले रहे हैं। प्रतिदिन गणपति बप्पा मोरिया गजानन गणपति महाराज की जय के नारों से सारा वातावरण भक्तिमय हो रहा है।

# भगवान देवनारायण के जन्मोत्सव पर गुर्जर समाज ने निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

क्षेत्रीय गुर्जर समाज द्वारा अपने आराध्य देव भगवान देवनारायण के जन्मोत्सव पर नगर में शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी तादाद में गुर्जर समाजजनों के साथ समाज के वरिष्ठजनों द्वारा भाग लिया गया। स्थान स्थान पर विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा शोभायात्रा का स्वागत कर प्रबुद्ध जनों का सम्मान किया गया।

भगवान देवनारायण के जन्म उत्सव पर डोकरपुरा स्थित देवनारायण मंदिर से सोमवार को दोपहर 12 बजे गुर्जर समाज व उनके अनुयायीयों द्वारा नगर में बैंड-बाजे व ढोल-ढमाकों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें एक सुसज्जीत पालकी में भगवान देवनारायण की प्रतिमा को विराजित किया गया था। शोभायात्रा में कई स्थानों से आए अखाड़ों के पहलवानों द्वारा करतबों का प्रदर्शन किया गया। स्थान-स्थान पर विभिन्न धार्मिक, सामाजिक संगठनों द्वारा मंच के माध्यम से चल समारोह का स्वागत किया गया। वहीं वरिष्ठ समाजजनों तथा अखाडों के पहलवानों का साफा बांधकर सम्मान भी किया। शोभायात्रा में विभिन्न ग्रामों से आए अखाड़ों के पहलवानों द्वारा पूरे मार्ग पर हैरतअंगेज करतब दिखाए। जिसमें युवाओं ने अपने शरीर पर पत्थर तोडने व ट्यूबलाइट फोड़ने के साथ हवा में उछल कर करतब दिखाए, तो किसी ने अपने हाथों से मोटरसाईकिल पर 5-6 युवाओं को खड़े कर खींचना जैसे प्रदर्शन भी किए। शोभायात्रा के पूर्व देवनारायण मंदिर पर एकत्रित हुए समाजजनों द्वारा महाआरती की गई। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों चौक बाजार गणेश दरवाजा शिवाजी चौराहे होते हुए मां बगलामुखी मंदिर पहुंची। जहां पर सभा का कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के दौरान अखाड़ों के पहलवानों का सम्मान कर उन्हें इनाम राशि प्रदान की गई।




# मां बगलामुखी मंदिर पर पुरोहितों ने किया हवन अनुष्ठान का कार्य बंद



**नलखेड़ा।** मां बगलामुखी मंदिर पर मंदिर प्रबंध समिति में दर्ज पुराने पुरोहितों के लिए कई प्रकार के नियम लागू किए जाने से नाराज पुरोहितों द्वारा बुधवार से अनिश्चितकाल के लिए हवन पूजन व धार्मिक अनुष्ठान बंद कर दिए गए। बुधवार को मंदिर प्रबंध समिति द्वारा बुलाई गई बैठक का भी पुरोहितों द्वारा बहिष्कार किया गया। मंदिर प्रबंध समिति द्वारा नए पुरोहितों का पंजीयन करने के लिए प्रक्रिया चला रखी है। इसी बीच पुराने पंजीकृत 180 पुरोहितों में से उन पुरोहितों को जिनमें पिता व पुत्र दोनों का पंजीयन है उनमें से किसी एक का पंजीयन रखने की सहमति के सूचना पत्र जारी किए गए। जिस पर सभी पुरोहितों ने एक मत होकर इसके विरोध में बुधवार प्रातः से अनिश्चितकाल के लिए हवन पूजन व अन्य धार्मिक अनुष्ठान बंद कर दिए गए। इस संबंध में पुरोहित संघ अध्यक्ष देवेंद्र शास्त्री ने बताया कि जो वर्षों से धार्मिक अनुष्ठान करवा रहे हैं ऐसे पुरोहितों को हटाना अनुचित है। उन्होंने कहा कि ऐसे भी पिता पुत्र है जो अलग अलग रहते हैं ऐसे में उनका रोजगार छीनना सरासर गलत है। शास्त्री ने बताया कि प्रबंध समिति पुराने सभी पुरोहितों के लिए कोई शर्ते लागू नहीं करने का लिखित में आश्वासन नहीं देगी तब तक कोई भी पुरोहित सिद्धपीठ पर किसी भी प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान नहीं करेंगे।

**खबर संक्षेप**

## सेवानिवृत्ति और सम्मान समारोह संपन्न



**चापडा।** पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कमलापुर में विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार ने सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षक मनोहर सिंह राजावत, पूरणमल यादव, जयराम मुहेल को भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। विद्यालय की शिक्षिका शोभा दुबे द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। सहकर्मी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने अपने उद्बोधन में सेवानिवृत्त शिक्षकों के शिक्षा क्षेत्र में दिए गए योगदान को स्मरण किया और उनके मार्गदर्शन एवं स्नेह को अविस्मरणीय बताया।विद्यालय प्रभारी प्राचार्य अनंत नागर ने अपने संबोधन में कहा कि "सेवानिवृत्त होना एक पड़ाव है, किन्तु शिक्षा जगत में आपका योगदान सदैव हमें प्रेरणा देता रहेगा।" इसके पश्चात सम्मान समारोह में स्मृति चिन्ह, शॉल एवं श्रीफल भेंट कर शिक्षकों का सम्मान किया गया।अंत में सेवानिवृत्त शिक्षकों ने भावुक शब्दों में अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यालय परिवार और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम का संचालन रामचंद्र जाट ने किया तथा आभार प्रदर्शन दीपक बागेला द्वारा किया गया। समारोह में विद्यालय परिवार, अभिभावकगण एवं स्थानीय गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## खिलाड़ियों का कुराश प्रतियोगिता में चयन

**देवास।** मंदसौर में आयोजित 68वीं संभाग स्तरीय कुराश प्रतियोगिता में ओक ट्री पब्लिक स्कूल, सिरोलिया के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इतिहास रच दिया। स्कूल के 10 खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जगह पक्की की, जो स्कूल के उच्चस्तरीय खेल प्रशिक्षण और अनुशासन का प्रमाण है। चयनित खिलाड़ी में अंडर-14 वर्ग में प्रियांशु कपिल पटेल – 35 किग्रा वर्ग, दिव्यांशु पटेल – 50 किग्रा वर्ग, हिमांशी पटेल – 32 किग्रा वर्ग, अंशिका सुनेर – 44 किग्रा वर्ग आदि शामिल है।

### गम्भीर शिकायतों के बाद भी जिम्मेदार नहीं कर पा रहे निष्पक्ष जांच

# महिला परियोजना में नियुक्ति में भ्रष्टाचार कि शिकायतों के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

### आंगनबाड़ी केंद्र कार्यकर्ता की नियुक्ति संदेह के दायरे में, निष्पक्ष जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा




महिला बाल विकास परियोजना कार्यालय बागली में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका नियुक्ति मामले में भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। जिसको लेकर अलग-अलग लोगों द्वारा जिम्मेदार वरिष्ठ अधिकारियों के कार्यालयों में शिकायत दर्ज कराई गई है, लेकिन आज तक जिम्मेदार भ्रष्ट अधिकारी पर मेहरबान नजर आ रहे हैं। शिकायतकर्ता आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद के लिए आवेदन करने वाली माया जामले ने बताया कि ग्राम पंचायत बरझाई में आंगनबाड़ी केंद्र पर जो कार्यकर्ता कि नियुक्ति हुई है, वह नियम विरुद्ध व जिम्मेदार अधिकारियों की सांठगांठ से नियमों को ताख पर रखकर की गई है।

जिनको लेकर आपत्ति के साथ शिकायत 21 अगस्त को महिला बाल विकास परियोजना कार्यालय, जनपद पंचायत, एसडीएम कार्यालय में लिखित दस्तावेजो के साथ की गई लेकिन आज तक निष्पक्ष जांच नहीं हो पाई है। माया जामले ने बताया कि आपत्ति को लेकर शुक्रवार को मुझे बुलाया गया, लेकिन जनपद पंचायत कार्यालय में निषक्ष जांच करने के वजह मुझे ही डराया जा रहा है। शिकायतकर्ता माया ने शिकायत में बताया कि ग्राम पंचायत बरझाई में आगंनवाडी कार्यकर्ता की जो नियुक्ति शीलु चौहान के नाम से की गई है। वह ग़लत है,जबकि शीलु चौहान का विवाह वर्ष 22 अप्रैल 2025 में हुआ है। ग्राम पंचायत बरझाई कि मतदाता सूची में दिनांक 06 जनवरी में ही दर्ज हुआ है। याने की विवाह से पहले ही नाम जोड़ दिया गया। जिसका वोटर NTD2683662 है। किन्तु वोटर आई.डी. में विवाह के पहले नाम कैसे दर्ज हो गया है। जबकि वोटर आई.डी. मे शीलु देवडा दर्ज है। नियुक्ति शीलु चौहान नाम से हुई है,जिसकी नियुक्ति की गई है। उस का नाम बी.पी.एल. कार्ड में भी दर्ज नही है। उसके पश्चात भी उसको 05 नम्बर दिए है। जबकि प्रार्थी का नाम तो बी.पी.एल. कार्ड में दर्ज है।

शिकायतकर्ता ने यह भी बताया की वर्तमान में शीलु चौहान के द्वारा जो कक्षा 12 की परीक्षा अंक सूची पेश की गई है वह राजस्थान की है जबकि प्रार्थी मध्यप्रदेश की मुल निवासी हूं तथा जो अंक सूची पेश की गई है, वह मध्यप्रदेश शिक्षा बोर्ड की है। शीलु चौहान के द्वारा जो अंक सूची राजस्थान बोर्ड की पेश की गई है, वह राजस्थान बोर्ड के किस विद्यालय से की है, उस संबंध में भी कोई दस्तावेज या टी.सी. प्रस्तुत नही की गई है, जो संदेह की परिधि में आते है। ग्राम पंचायत बरझाई आंगनवाडी केन्द्र पर जिस कि नियुक्ति की गई है, उक्त नियुक्ति के संबंध बी.पी.एल. कार्ड में नाम ना होना, ना ही मुल निवासी बरझाई की है, ना ही वोटर आई.डी. में शीलु चौहान नाम दर्ज है। आंगनबाड़ी केंद्र पर की गई कार्यकर्ता कि नियुक्त संदेह के दायरे में है। जिस संबंधित सभी दस्तावेज भी जिम्मेदार अधिकारियों को दिए गए। फिर भी निष्पक्ष जांच नहीं हो रही है। शिकायत कर्ता ने बताया कि शीलू चौहान कि नियुक्ति पर आपत्ति ली गई है। साथ ही दस्तावेज का भौतिक सत्यान किया जाने कि मांग की है। लेकिन अधिकारियों कि ओर से संतोषजनक जवाब नहीं दिया जा रहा है। माया जामले ने बताया कि शिकायत के संबंधित सभी दस्तावेज उपलब्ध है।

**नियुक्ति नियम अनुसार होगी**

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नियुक्ति संबंधित समिति की अध्यक्ष जिला पंचायत सीईओ मेडम है, उनकी अध्यक्षता में आपत्तियों की सुनवाई होगी,जो भी नियुक्ति होगी वहीं नियमों के अनुसार ही होगी।
**साबीर अहमद सिद्दीकी,** महिला बाल विकास अधिकारी देवास

# पानी खाली करने चालक ने हाइड्रोलिक से किया डंपर उपर, 11 केवी की आया चपेट में

### डंपर चालक की हुई मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले के बरोठा तहसील के ग्राम खोकरिया में एक डंपर चालक ने डंपर में पानी भर जाने से उसे खाली करने के लिए हाइड्रोलिक से ऊंचा किया उस दौरान डंपर के ऊपर से जा रही 11 केवी की विद्युत लाईन की चपेट में डंपर आ गया। करंट ने डंपर चालक को भी अपनी चपेट में ले लिया। चालक को वहां मौजूद ग्रामीण नजदीक बरोठा के शासकीय अस्पताल लेकर गए जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक का पोस्टमार्टम करने लिए उसे जिला चिकित्सालय लेकर आए जहां उसका पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। मामले को लेकर पुलिस ने मर्ग कायम कर प्रकरण को जांच में लिया है। मामले को लेकर बरोठा थाने के सहायक उपनिरीक्षक हरीश कुमार ने बताया कि जिले के ग्राम खोकरिया में डंपर चालक प्रदीप पिता रमेश बंजारा उम्र 23 वर्ष निवासी घुसट तहसील हाटपिपलिया ने ट्राली में पानी होने पर उसे खाली करने के लिए ऊंची की उसी दौरान 11 केवी की विद्युत लाईन की चपेट में ट्राली आ गई जिसमें वाहन चालक को करंट लग गया। चालक को उपचार के लिए बरोठा अस्पताल लेकर गए जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर प्रकरण को जांच में लिया है।

## हिन्द फौज योगा संचालक मोना तिवारी ने स्टेट चैंपियनशिप में जीता कांस्य पदक, देवास का नाम किया रोशन




**देवास।** भोपाल में 23-24 अगस्त 2025 को आयोजित चौथी मास्टर स्टेट योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में हिन्द फौज योगा संचालक मोना तिवारी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ट्रेडिशनल योगासना एवं फॉरवर्ड बेंडिंग इवेंट्स में कांस्य पदक (ब्रॉन्ज मैडल) हासिल किया। हिन्द फौज कमांडर सीएसएम जितेन्द्र गोस्वामी ने बताया कि मोना तिवारी पिछले 7 वर्षों से हिन्द फौज में योगा संचालक के रूप में निःशुल्क योग प्रशिक्षण दे रही हैं और इस उपलब्धि ने न केवल संगठन बल्कि पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि पर हिन्द फौज के पदाधिकारियों एवं खिलाड़ियों ने मोना तिवारी को बधाई दी और उनका सम्मान किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से हिन्द फौज संचालकः कुमेर सिंह वर्मा, देवास जिला पैरा एथलेटिक्स एसोसिएशन कोषाध्यक्ष चन्द्रकांत जगताप, देवास रनिंग ग्रुप के सदस्य डॉ. मायाराम चौहान, दरबार सुरेश शर्मा, अन्य गणमान्य चंद्रशेखर तिवारी, सीमा गिरी, विकास गिरी, अश्विन पैगनीश, श्रीजा अग्रवाल, रवि अग्रवाल, दीपिका बोरीवाल, आरती दायमा, अजय दायमा, ताशीन शेख, सृजनिका लोखंडे, पंकज जायसवाल, पुनीत गिरी, मेघना पुरोहित, कृतिका निरखे, वंदना बक्शी उपस्थित थे। कार्यक्रम संचालन हिन्द फौज कार्यकारिणी संचालक खुशबू पागनिश ने किया और रीना पटेल ने आभार व्यक्त किया।

**देवास में गोवंश संरक्षण अभियान सतत जारी, वार्ड 24 में बांधे गए रिफ्लेक्टर रेडियम, दुर्घटनाओं से बचाव की पहल** : देवास। संस्था अभिरंग एवं संरक्षणम के संयुक्त तत्वावधान में देवास शहर के विभिन्न वार्डों में स्वच्छंद घूम रहे गोवंश पर रिफ्लेक्टर रेडियम लगाने का अभियान जारी है। गजरा गियर्स चौराहा, स्टेशन रोड, आदर्श नगर, भोपाल बायपास रोड और मक्सी रोड के बाद अब केला देवी क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 24 में यह कार्य संपन्न हुआ। इस अभियान में क्षेत्रीय पार्षद रितु सवनेर ने स्वयं उपस्थित रहकर संस्था के सदस्यों के साथ मिलकर गौवंश को रिफ्लेक्टर रेडियम बांधे। संस्था के संचालक बसंत वर्मा और उनकी टीम ने यह कार्य किया ताकि रात में वाहनों की हेडलाइट पड़ते ही गोवंश आसानी से दिखाई दें और सड़क दुर्घटनाओं की आशंका कम हो सके। पार्षद सवनेर ने कहा कि ₹इस कार्य का उद्देश्य सड़क पर घूम रहे गोवंश की सुरक्षा सुनिश्चित करना और जनहित में दुर्घटनाओं की संभावनाओं को न्यूनतम करना है। यह अभियान न केवल गोवंश के संरक्षण का प्रयास है, बल्कि आम नागरिकों की सुरक्षा से भी जुड़ा है।₹ संस्था अभिरंग एवं संरक्षणम द्वारा चलाए जा रहे इस पुण्य कार्य की सराहना की गई।

# कलेक्टर ने बुजुर्गों संग की कृपालु के बप्पा की आरती

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



गणेशोत्सव के पावन अवसर पर संस्था कृपालु परिवार एवं सुमेरसिंह दरबार के गणेश महोत्सव का पाँचवाँ दिन भक्ति और सेवा की भावना से ओतप्रोत रहा। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने वृद्धाश्रम से आए बुजुर्गों के साथ मिलकर कृपालु के बप्पा की आरती की।

आरती के समय वातावरण में भक्ति और श्रद्धा का ऐसा रंग घुला कि पूरा परिसर गगनभेदी "गणपति बप्पा मोरया" कृपालु के बप्पा के जयकारों से गूंज उठा। आरती उपरांत संस्था कृपालु परिवार द्वारा वृद्धजनों का दुपट्टा व पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। इसके बाद वृद्धाश्रम से आए बुजुर्गों ने स्वयं कलेक्टर ऋतुराज सिंह को दुपट्टा पहनाकर आशीर्वाद दिया। कलेक्टर ने भक्तों को प्रेमपूर्वक भोजन प्रसादी परोसकर भोजन भी करवाया। प्रशासनिक दायित्वों के बावजूद उनकी यह सादगी और सेवा भाव देखकर श्रद्धालु अभिभूत हो गए और जोरदार स्वागत किया। संस्था कृपालु परिवार व सुमेर दरबार द्वारा गणेशोत्सव के साथ ही 10 दिवसीय भोजन प्रसादी का आयोजन प्रतिदिन किया जा रहा है। इस आयोजन में प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु, जरूरतमंद और आमजन प्रसादी ग्रहण कर रहे हैं।

रविवार को वृद्धाश्रम से आए बुजुर्गों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक-सामाजिक कार्यक्रम समाज को जोड़ते हैं और हमें अपनापन का अनुभव कराते हैं।

# जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा भौरासा के ब्रांच मैनेजर हुए सेवानिवृत्त, कार्यक्रम में दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



नगर की जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित देवास की शाखा भौरासा में प्रबंधक के पद पर पदस्थ कमल सिंह झोरड सेंधव ने अपनी सेवा कार्यकाल के 41 वर्ष पूर्ण करते हुए शनिवार को शाखा भौरासा से सेवानिवृत्त हुए। झोरड ने बैंक की शाखा बरोठा, भवानी सागर, सोनकच्छ एवं भौरासा में अपनी सेवाए पिछले 41 वर्षों तक दी। वही भौरासा नगर में इनका कार्यकाल 1 वर्ष का रहा लेकिन 1 वर्ष मे ही क्षेत्र के अमानतदारो एव किसानों में इतने घुल मिल गए की मानो इन्हें वर्षों हो गए हो। शाखा भौरासा मे इनके कार्यकाल में अमानत में काफी वृद्धि हुई है। अमानतदार किसान बैंक एवं संस्थागत स्टाफ इनके व्यवहार से काफी खुश रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बैंक के एमडी परम जीत पुरी,विशेष अतिथि बैंक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के सेवानिवृत्त मुकेश बारचेसा, कार्यक्रम के विशेष अतिथि पोप सिंह सेंधव जिरवाय, स्वागत कर्ता सहकारिता विभाग के अधिकारी गण, बैंक की शाखाओ के अधिकारी गण, संस्था के समस्त अधिकारी, कर्मचारी गण बैंक के अमानतदार एवं क्षेत्र के किसानों द्वारा स्वागत किया गया। सेंधव की सेवानिवृत्ति पर समस्त स्टाफ एवं नगर के गणमान्य लोगों के द्वारा पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर भौरासा प्रेस क्लब अध्यक्ष मनोज शुक्ला, पत्रकार अभय नागर, बैंक स्टाफ से प्रतीक झांसीकर, जितेंद्र सिंह राठौड़, सोहन कामदार, अरविंद जोशी, राजेश गुजराती, लाखन सिंह, नीरज नामदेव, समिति स्टाफ आदिति गोयल, तेज सिंह राजपूत, आनंद बोरवाल, अर्पण गोस्वामी, पोलाय से जितेंद्र सिंह चांदना, मनोहर सिंह यादव, पवन यादव, माखन सिंह बोलासा, राकेश सिंह बैंस, मुकेश मालवीय, अमित कश्यप, कैलाश मालवीय, सवरसी से विक्रम सिंह चौधरी, मनोहर सिंह यादव, लोकेन्द्रसिंह चौहान राहुल यादवआदि जनो ने अधिकारियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र सिंह राजावत शाखा प्रबंधक खातेगांव, ज्ञान सिंह सेंधव द्वारा किया गया।आभार शाखा भौंरासा के नवनियुक्त शाखा प्रबंधक नेपाल सिंह चावड़ा द्वारा व्यक्त किया।

# मां भगवती की नौ दिवसीय आराधना के लिए ब्रह्माणी युवा क्लब ने पंडाल का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



ब्रह्माणी युवा क्लब द्वारा नौ दिवसीय माँ भगवती की स्थापना हेतु 1 सितम्बर, सोमवार को ए सेक्टर कालानी बाग श्याम वाटिका में विधि-विधान पूर्वक एवं ध्वज पताका फहराते हुए भूमि पूजन किया गया। क्लब के अध्यक्ष आशीष मजूमदार ने बताया कि भूमि पूजन क्लब संरक्षक एवं भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव खंडेलवाल, किशन चौहान, ऋषभ यादव, राजवर्धन यादव, विधान अग्रवाल, ध्रुव खत्री, अक्षत चौहान, अमन कश्यप, हिमांशु अहिरवार, युवराज, तनिष्क चौहान, भौमिक सोनी, विशाल परमार, शुभम परमार, लोकेश गौड़, कान्हा खत्री, राज चौहान सहित क्लब के सदस्यों द्वारा सम्पन्न हुआ। अध्यक्ष ने बताया कि क्लब का यह 19वां वर्ष है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नवरात्रि महापर्व हर्षोल्लास के साथ मनाते हुए 22 सितम्बर से प्रतिदिन रात्रि 8 बजे माता की महाआरती पश्चात निःशुल्क ओपन गरबा महोत्सव के साथ विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। इस वर्ष आकर्षण का केन्द्र भव्य माँ दुर्गा का पाण्डाल, माँ की प्रतिमा एवं विद्युत सज्जा रहेगी। क्लब ने शहर के समस्त श्रद्धालु भक्तों से होने वाले भव्य आयोजन एवं गरबा महोत्सव में भाग लेने की अपील की है।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में आदि कर्मयोगी अभियान के तहत बैठक हुई आयोजित

# योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना मुख्य उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



भारत सरकार की आदि कर्मयोगी अभियान के तहत कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने कहा कि अभियान का उद्देश्य जनजातीय क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन, सेवा वितरण को सुदृढ़ करना और योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। सिंह ने कहा कि हर विभाग चिन्हित 135 गांवों में से एक-दो गांवों का कलस्टर बनाकर गांवों को गोद ले एवं सभी विभागों के आपसी समन्वय से गांव में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराये। विभागीय अधिकारी हर माह गांव में विजिट करें। उन्होंने कहा कि हर माह जानकारी ली जायेगी कि विभागों द्वारा गांव में क्या कार्य किये गये है। इसके लिए जिला योजना अधिकारी को नोडल बनाया गया है। अभियान के तहत जिले में विभिन्न विभागों से सात मास्टर ट्रेनर तैयार किये गये है। यह मास्टर ट्रेनर विकासखण्ड स्तर पर मास्टर ट्रेनर तैयार करेंगे।सिंह ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को अभियान के लक्ष्यों और कार्यप्रणाली के बारे में विस्तृत से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जनजातीय समुदायों तक योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के लिए सभी विभागों का समन्वित प्रयास अत्यंत आवश्यक है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले में चिन्हित 135 गांवों में समग्र ई-केवाईसी का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए। साथ ही उन्होंने इन गांवों में आधार कैंप आयोजित करने और पोस्ट ऑफिस के माध्यम से बैंक खाता खोलने की प्रक्रिया को त्वरित गति से पूरा करने के लिए कहा। चिन्हित 135 गांवों के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएं, ताकि उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो सके। उन्होंने कहा कि प्राथमिकता से सभी हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाये। इन क्षेत्रों में स्वास्थ्य, शिक्षा, और अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। सभी विभाग परस्पर समन्वय के साथ कार्य कर अभियान को सफल बनाये।इस दौरान सभी अधिकारियों को कर्मयोगी बनकर अभियान को सफल बनाने की शपथ भी दिलाई गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत ज्योति शर्मा, जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग कृष्णा शर्मा सहित अन्य जिला अधिकारीगण उपस्थित थे।

# भाजपा जिला कार्यकारिणी घोषित, 3 महामंत्री समेत 22 पदाधिकारी नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

भारतीय जनता पार्टी की जिला देवास इकाई की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। इस सूची में जिले के 22 वरिष्ठ नेताओं को स्थान मिला है।

नई कार्यकारिणी में 7 जिला उपाध्यक्ष, 3 जिला महामंत्री, 6 जिला मंत्री, कोषाध्यक्ष, सह कोषाध्यक्ष और कार्यालय मंत्री नियुक्त किए गए हैं। घोषित सूची के अनुसार गौतम सिंह राजपूत, सोहन पटेल, राजेश जोशी, निर्मला मनोहर सिंह पवार, महेश चौहान, निरंजन सिंह सेंगर और कुलदीप पटेल, शोभा नायक को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। जिला महामंत्री के पद पर राजेश यादव, विजय सिंह पवार, और मनीष सोलंकी का चयन किया गया है। मंत्री पद के लिए प्रकाश सिंह ठाकुर, नीलम पंकज पटेल, सचिन जोशी, राम विलास पवार, राजेश मीणा, लक्ष्मी देवकरण पाटीदार व शोभा गोस्वामी को जिम्मेदारी दी गई है। अनुप सिंह सेंधव को कोषाध्यक्ष और यशपाल सिंह बघेल को सह कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसी तरह वासुदेव परमार कार्यालय मंत्री तथा पुष्पलता सोनगरा सह कार्यालय मंत्री बनाई गई हैं।

## खबर संक्षेप

### 24 क्वार्टर देसी शराब के साथ युवक को पकड़ा

**ललितपुर।** नेहरू नगर चौकी इंचार्ज अंकित कौशिक ने गश्त के दौरान अपने हमराह आरक्षी करण प्रताप व आशीष कुमार के साथ गंगारी तिराहा देवगढ़ रोड से ग्राम गंगारी निवासी भवानी सिंह पुत्र नारायण सिंह को हिरासत में लिया है। पुलिस ने भवानी सिंह के पास से थैले में से 24 क्वाटर देसी शराब रसभरी मार्का के बरामद किये हैं। पुलिस ने भवानी सिंह के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 60 (1) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पकड़े गये भवानी सिंह ने बताया कि वह देवगढ़ रोड नेहरू नगर स्थित कालारी से उक्त शराब खरीदकर अपने घर ले जा रहा था।

### कीटनाशक चुराकर भाग रहे युवक को दबोचा

**ललितपुर।** सिटी चौकी क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला लक्ष्मीपुरा में रहने वाले देवेन्द्र साहू पुत्र रामस्वरूप साहू ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसकी नझाई बाजार में बालाजी इण्टरप्राईजेज नाम से दुकान है। बताया कि 31 अगस्त को 2.50 बजे अज्ञात व्यक्ति उसकी दुकान पर आया और उसने दुकान के बगल में स्थित गोदाम के अंदर जाकर कीटनाशक दवा प्रयाक्सर की पेटी चोरी कर ली। आरोप है कि अज्ञात व्यक्ति चोरी की गयी दवा की पेटी अपनी मोटर साइकिल रखकर भागने लगा। मौके पर उसने राहगीरों की मदद से उक्त युवक को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर युवक ने अपना नाम जूनियर हाईस्कूल के बगल में ग्राम खिरिया लटकनजू महरौनी निवासी मल्लू पुत्र नथुआ कुशवाहा बताया। मौके से डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी गयी। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

### शराब पीने के लिए रुपए न देने पर मारपीट

**ललितपुर।** कस्बा पाली में बस स्टेण्ड पर चाय-नाश्ता का ठेला लगाकर अपना व परिवार का भरण पोषण करने वाले युवक की मां प्रेमबाई पत्नी स्व.मोतीलाल ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 31 अगस्त की रात करीब 8 बजे उसका नाती अजय ठेला पर काम कर रहा था। इस दौरान अवधेशपुरी पुत्र स्व. हीरापुरी शराब के नशे में धुत्त होकर आया और नाती से शराब पीने के लिए रुपया मांगने लगा। विरोध करने पर अवधेशपुरी ने उसका समोसा का ठेला पलटाने का प्रयास किया। मना करने पर उक्त व्यक्ति ने उस पर भी पत्थर से सिर पर हमला करने का प्रयास किया और जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया।

### अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी से मारपीट

**ललितपुर।** मोहल्ला तालाब के सामने ललितपुर रोड महरौनी में रहने वाले हृदेश कुमार पुत्र स्व.दशरथ ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह विकास खण्ड मड़ावरा में अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी पद पर कार्यरत है। वह 30 अगस्त को रात करीब 9.30 बजे अपने मकान के पीछे वाली गली में कुत्ते को टहला रहा था, तभी उसने देखा कि रेखा पत्नी मनोज व अन्य व्यक्ति जिन्हें वह पहचानता नहीं था, आपस में कहा-सुनी बात कर रहे थे। जब उन्होंने घर के पीछे विवाद करने का कारण पूछा तो उक्त लोगों ने उन्हें गालियां दी। मना करने पर महिला के परिजन मनोज पुत्र भगवानदास, अमन पुत्र मनोज ने एकराय होकर उसके घर में घुसकर लाठी-डण्डा, फरसा लिये जान से मारने की धमकी देने लगे। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

### रोंडा गांव के दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट

**ललितपुर।** निकटवर्ती ग्राम रोंडा में रहने वाले शिवराज सिंह पुत्र स्व.जुझार सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि रविवार को सुबह करीब 10 बजे वह अपने कुंए से अपने पुत्र भरत के साथ घर जा रहा था। तभी रास्ते में गांव के प्रतिपाल व सुन्दर पुत्रगण अनन्दी व मोनू पुत्र प्रतिपाल मिले और एकराय होकर गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने लात-घूसों व लाठियों से मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। मौके पर जब उसके पुत्र ने बचाव किया तो उक्त लोगों ने उसके सथ भी मारपीट कर दी। वहीं बचाव करने आयी रजनी पत्नी साकूलाल, पूजा पुत्री साकूलाल के साथ अभद्रता करते हुये जान से मारने की धमकी दी।

---

### सुम्मेरा तालाब की सफाई स्वच्छता और पुताई के दिए आदेश

# नपा प्रशासक ने जलविहार रूट यात्रा की तैयारियों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

उप जिलाधिकारी सदर/प्रशासक मनीष कुमार व अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा द्वारा जल विहार पर्व के चलते सुम्मेरा तालाब, पंचमुखी मंदिर के पास स्थित शहजाद नदी पर बने पुल एवं विमान के रूट आदि का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान अधिनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को व्यवस्था दुरूस्त कराये जाने हेतु निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान प्रशासक द्वारा पुराने नगर भवन में सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों व समस्त स्वास्थ्य नायकों के साथ पुराने नगर भवन में बैठक आयोजित की गई, जिसमें उनके द्वारा स्वास्थ्य नायकों को निर्देशित किया गया कि अपने-अपने वार्डों में विशेष रूप से साफ सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करें, नालियों, नालों में फैली गंदगी आदि को तत्काल प्रभाव से साफ करें, विमानों के रूट पर लाइटिंग व्यवस्था को दुरूस्त रखे एवं टीमों को लगाकर खाली पड़े प्लाटों व डोर टू डोर कचरा वाहन को वार्डों में भेजकर मोहल्लेवासियों को कचरा वाहन में ही कचरा डालने हेतु जागरूक करें।

जलविहार पर्व के मद्देनजर सुम्मेरा तालाब के निरीक्षण के दौरान प्रशासक द्वारा प्रभारी सफाई एवं खाद्य निरीक्षक को निर्देश दिये कि दो दिवस के अंदर हर हाल में समस्त तालाब की साफ सफाई व्यवस्था दुरूस्त मिलनी चाहिए, इसके अलावा समस्त घाटों के मरम्मतीकरण, रंगाई पुताई सहित पेवर ब्रिक्स लगाये जाने हेतु अवर अभियंता व निर्माण लिपिक को निर्देशित किया गया। अपने निरीक्षण के दौरान नजूल लिपिक सुधीर रावत को निर्देश दिये कि अभियान चलाकर विमान रूट पर अतिक्रमण करने वाले समस्त अतिक्रमणकारियों का सामान जब्त करते हुए अतिक्रमण को हटाया जाये, इसके अलावा नझाई बाजार में नामदेव



मंदिर के पास तिराहे पर नो पार्किंग जोन में रखे डिब्बे, खोखे एवं रोड़ पर खड़े वाहनों को हटाये जाने हेतु निर्देश दिये।

#### व्यवस्थाएं दो दिवस के अंदर दुरूस्त कर ली जाए

प्रशासक द्वारा कहा गया कि समस्त व्यवस्थाएं दो दिवस के अंदर दुरूस्त कर ली जाये, यदि व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने में किसी भी कर्मचारी या अधिकारी लापरवाही करते हुए पाया जाता है तो संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।प्रशासक नगरपालिका द्वारा समस्त घाटों का निरीक्षण किया गया, घाटों पर लगवाये जा रहे पत्थर व पेवर ब्रिक्स के बारे में संबंधित ठेकेदार को निर्देशित किया गया कि कार्य गुणवत्तापूर्ण किया जाये, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं की जाएगी। वहीं श्री नृसिंह मंदिर के महंत गंगादास महाराज द्वारा श्री नृसिंह मंदिर के पास लाईटिंग व्यवस्था दुरूस्त किये जाने, रंगाई पुताई व्यवस्था किये जाने सहित चैनल, रेलिंग की पुताई एवं पेड़ की टहनियों की छटाई किये जाने हेतु कहा गया, जिस पर संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि रंगाई, पुताई, लाइटिंग व्यवस्था सहित सभी कार्य महाराज जी की देखरेख में कराया जाना सुनिश्चित करें।

#### विमान यात्रा रूट का निरीक्षण

विमान यात्रा रूट के निरीक्षण के दौरान प्रशासक महोदय द्वारा पंचमुखी मंदिर के पास शहजाद नदी पर स्थित पुल का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान पुल पर मिट्टी डली पाई गई, जिसपर निर्माण लिपिक एवं अवर अभियंता को निर्देश दिये कि क्षतिग्रस्त पुल के पास और मिट्टी डाली जाये, जिससे श्रद्धालुओं को मंदिर से विमान निकालने में समस्या का सामना न करना पड़े। इसके उपरांत चौबयाना स्थित बड़ा मंदिर एवं समस्त रूट का निरीक्षण किया गया। जिसमें उन्होंने मुख्य स्टोर लिपिक महेन्द्र सिंह यादव को निर्देश दिये गये समस्त मार्गों की स्ट्रीट लाईटों की मरम्मत कराई जाए, टीमों को लगाकर जो स्ट्रीट लाईटें खराब पड़ी हुई है, उन्हें तत्काल ठीक कराया जाये।

#### नगर भवन एवं सब्जी मंडी का निरीक्षण

प्रशासक महोदय द्वारा नगर पालिका के पुराने नगर भवन का निरीक्षण किया गया, जिसमें वाहन अस्त व्यस्त अवस्था में खड़े पाए गए एवं कीचड़ आदि पाया गया, जिस पर प्रशासक महोदय द्वारा अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया गया कि पुराने नगर भवन में पेवर ब्रिक्स लगाये जाये एवं आड़े-तिरछे खड़े वाहनों को सही तरीके से लगाया जाये। इसके उपरांत प्रशासक महोदय द्वारा चिंतन पार्क का निरीक्षण किया गया, जिसमें उन्होंने पार्क के बगल में रखे डिब्बे को तत्काल हटवाया गया। इसके बाद प्रशासक महोदय द्वारा सब्जी मण्डी एवं फल मण्डी का निरीक्षण किया गया, जिसमें पाया गया कि अतिक्रमणकारियों को पालिका की सडक पर अवैध रूप से झोपड़ी आदि बनाकर व्यापार किया जा रहा है, जिस पर उन्होंने नजूल लिपिक को तत्काल प्रभाव से अवैध अतिक्रमण को हटाये जाने हेतु निर्देश दिये गये। वहीं प्रभारी सफाई एवं खाद्य निरीक्षक को सब्जी मण्डी के अंदर फैले कचरे को हटाये जाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा, पार्षद जगदीश यादव, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक जितेन्द्र स्वरूप तिवारी, प्रभारी सफाई एवं खाद्य निरीक्षक महेन्द्र सिंह यादव, निर्माण लिपिक दीपेन्द्र कुमार, नजूल लिपिक सुधीर रावत, गैरिज प्रभारी अमित कुमार रिंकू सहित पालिका के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

---

### उड़ने वाली धूल जानलेवा

# दमा, ब्रोन्काइटिस, एलर्जी के हो रहे शिकार: कपूर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

बुन्देलखण्ड विकास सेना की एक आवश्यक बु. वि. सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू की अध्यक्षता में स्थानीय कंपनी में आहूत की गई । बैठक में ललितपुर नगर की मुख्य सड़क शाही रोड पर उड़ने वाली धूल के कारण लोगों को होने वाली परेशानी पर गहरी चिंता और रोष व्यक्त किया गया। जिसमें सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू ने कहा कि घंटाघर से सावरकर चौक से होते हुए आजाद चौक मवेशी बाजार को जाने वाली शहर की मुख्य सड़क जो शाही रोड के नाम से विख्यात है। इस सड़क की हालत बहुत खराब है पहले सड़क की ही नहीं सिर्फ गड्ढे गड्ढे थे पदयात्रियों वाहन यात्रियों को बड़ी संकट में गेंदालाल पेट्रोल पंप से नेहरू महाविद्यालय तक अत्यंत का सफर भारी कष्ट में होकर गुजरना है एक डेढ़ किलोमीटर कीसड़क यात्रा आधा घंटे से लेकर 1 घंटे के बीच पुरी कर पाता था बारिश थमी तो धूल ने सड़क के दोनों ओर दुकानदारों और यात्रियों का जीना हराम कर दिया उड़ती धूल हवा के साथ बारीक कण दमा सिलिकोसिस एलर्जी के साथ खांसी जुकाम जैसी अन्य बीमारियों को भी जन्म दे रहे हैं सेना प्रमुख ने कहा कि इस सड़क पर पीडब्ल्यूडी द्वारा किया गया पेचवर्क ही इस समस्या का मूल कारण है बरसात के कारण हुए गड्ढों में डस्ट का उपयोग धूल का मुख्य कारण है उड़ने वाली धूल के विकराल रूप धारण कर लिया । जिससे हम यात्री और व्यापारी परेशान है इस कार्य की उच्चस्तरीय जांच करायी जानी चाहिए।

#### पानी का छिड़काव कराया जाता रहा है

नगर पालिका के पूर्व अध्यक्षों द्वारा सड़क किनारे के दुकानदारों की परेशानी को दृष्टिगत रखते हुए समय समय पर पानी का छिड़काव कराया जाता रहा है ताकि धूल का उड़ना कम हो। नगर पालिका अध्यक्ष प्रशासक से मांग की कि प्रतिदिन पानी का छिड़काव कराए जिससे सड़क किनारे के दुकानदार धूल के कारण होने वाली बीमारियों से बच सकें। बैठक में राजमल बरया, कदीर खां , फूलचंद रजक, सिद्धार्थ शर्मा,, विनोद साहू , राजकुमार कुशवाहा, अमरसिंह बुन्देला, संजू राजा, गफूर पेन्टर, राम प्रकाश झा, अमित निरंजन, सूरज रजक, अंकित यादव, लल्लू सिंह, जगदीश झा, अरविंद साहू, सुरेश झा, प्रदीप साहू, रामसहाय राठौर , खुशाल बरार , कामता शर्मा आदि उपस्थित रहे ।

---

# ट्रैक्टर से पुत्र की मृत्यु पर कार्रवाई की मांग

### पिता ने एसपी से मांगा इंसाफ, एसपी ने अधीनस्थों को दिए निर्देश




**ललितपुर।** ट्रैक्टर से कुचलकर इकलौते पुत्र की मौत होने पर अब न्याय पाने के लिए मृतक का पिता दर-दर की ठोंकरे खा रहा है। यहां मृतक के पिता का आरोप है कि ट्रैक्टर क्षेत्र के प्रभावशाली नेता के पिता के नाम पर पंजीकृत होने के कारण कार्रवाई नहीं हो पा रही है। यह भी आरोप है कि थाना पुलिस से मिलीभगत कर उक्त लोगों द्वारा मामले को रफा-दफा करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रकरण को लेकर इंसाफ दिलाये जाने की गुहार लगाते हुये सोमवार को मृतक का पिता अपने भाई व रिश्तेदारों के साथ मुख्यालय पहुंचा, यहां पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर इंसाफ की गुहार लगायी। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुये एसपी मो.मुश्ताक ने प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही करने के अधीनस्थों को निर्देश दिये। थाना पूराकलां क्षेत्रांतर्गत ग्राम धमना निवासी विष्णु पुत्र विक्रय ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया है। पत्र में पीड़ित ने बताया कि उसका 20 वर्षीय पुत्र लवकुश की ट्रैक्टर दुर्घटना में बीती 28 मई 2025 को मृत्यु हो गयी थी। घटना को लेकर पुलिस ने अगले दिन 29 मई को मु.अ.सं. 777/25 अज्ञात ट्रैक्टर व चालक के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज किया था। घटना के 15 दिन दिन बाद ट्रैक्टर व चालक का नाम ज्ञात कर विवेचना अधिकारी ने दर्ज किया।

---

### जिले का नाम विश्व पटल पर फिर हुआ गौरवान्वित

# ललितपुर के डॉ.अशुतोष शर्मा को मिला वैश्विक सम्मान

**ललितपुर।** यूरोप के हंगरी देश की प्रख्यात यूनिवर्सिटी में डा.आशुतोष शर्मा को वैश्विक सम्मान ग्लोबल थॉट लीडर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। इस सम्मान से ललितपुर जिले का नाम एक बार फिर गौरवान्वित हुआ है।

बताते चलें कि डा.आशुतोष शर्मा जिले के मूर्धन्य पत्रकार स्व. पं.रूद्रनारायण शर्मा लल्लाजी के प्रपौत्र और वरिष्ठ पत्रकार पं.सुनील शर्मा के सुपुत्र और योग प्रशिक्षक सुबोध शर्मा विश्वास के भतीजे हैं। हंगरी की राजधानी से डा.आशुतोष शर्मा द्वारा भेजे गये संदेश में उन्होंने बताया कि उन्हें गर्व है कि ग्लोबल थॉट लीडर अवार्ड से सम्मानित किया गया है, जो ऊर्जा, जल, भोजन, जलवायु नेक्सस में मेरे योगदान और वैश्विक नेतृत्व को मान्यता प्रदान करता है। यह प्रतिष्ठित सम्मान मुझे यूनिवर्सिटी ऑफ मिसकॉले हंगरी में आयोजित भव्य समारोह में प्रदान किया गया। यह पुरस्कार मुझे विशेष रूप से मेक्सिको में पिछले 20 वर्षों के मेरे शोध उपलब्धियों और नेतृत्व, विशेषकर सस्टेनेबल एग्रीकल्चर




(स्थायी कृषि) और एग्रोबायोटेक्नोलॉजी में किए गए कार्यों के लिए प्रदान किया गया है। इसी क्रम में, उन्हें तथा विश्व-प्रसिद्ध अर्थशास्त्री डा.अत्तिला हॉस यूनिवर्सिटी ऑफ डिब्रेसन हंगरी को यूनिवर्सिटी ऑफ एएम फ्लोरिडा द्वारा मानद प्रोफेसर के रूप में आमंत्रित किया गया है। यहाँ हम आने वाले समय में युवाओं और वैज्ञानिकों को प्रशिक्षित करने तथा नई पीढ़ी को प्रेरित करने का कार्य करेंगे। संदेश में आगे कहा कि यह पुरस्कार केवल उनका नहीं, बल्कि उनके परिवार, सहयोगियों, मार्ग दर्शकों और उन सभी संस्थानों का भी है, जिनसे मुझे सीखने और आगे बढऩे का अवसर मिला।

---

# राधा कृष्ण साहू समाज मंदिर में मनाई राधा अष्टमी



**ललितपुर।** नगर के मोहल्ला गांधी नगर नई बस्ती में स्थित 1008 श्रीश्री राधा कृष्ण साहू समाज मंदिर में राधा रानी के जन्मोत्सव, राधा अष्टमी का पर्व, रविवार को नगर के राधा कृष्ण मंदिर में बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा भाव से मनाया गया। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भक्तों ने भगवान श्रीकृष्ण और राधारानी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे मंदिर प्रांगण को आकर्षक फूलों, रंग-बिरंगी झालरों और विद्युत झालरों से सजाया गया था। सुबह मंगला आरती के साथ ही धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत हुई। दिनभर भजन-कीर्तन और संकीर्तन का कार्यक्रम चलता रहा, जिसमें स्थानीय कलाकारों और भजन मंडलियों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। उनके भजनों पर श्रद्धालु झूमते और नृत्य करते नजऱ आए। मंदिर समिति की ओर से विशेष झांकी सजाई गई, जिसमें राधा-कृष्ण की लीलाओं का मनोहारी प्रदर्शन किया गया। दोपहर में हवन और पूजन कार्यक्रम के बाद श्रद्धालुओं को महाप्रसाद वितरित किया गया। शाम को आरती के दौरान मंदिर परिसर राधे-राधे और श्याम प्यारे की जय के जयकारों से गूंज उठा। दीपों की रोशनी और भक्ति संगीत ने वातावरण को और अधिक भक्तिमय बना दिया। मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि राधा अष्टमी केवल एक पर्व नहीं बल्कि यह भक्ति, प्रेम और आस्था का संदेश देती है। इस दिन राधा-कृष्ण की उपासना करने से जीवन में प्रेम, शांति और सुख-समृद्धि का संचार होता है।

---

# वरिष्ठजनों के साथ युवा भी भूमिका निभाएं: सोनी

### स्वर्णकार भारती सेवा संस्थान का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**ललितपुर।** स्वर्णकार भारती सेवा संस्थान की जिला इकाई एवं नगर इकाई का भव्य शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन तालाबपुरा में मुख्य अतिथि वरिष्ठ फिजीशियन डा. विनय सोनी मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष कृष्णकांत सोनी ने विस्तार से स्वर्णकार भारती सेवा संस्थान के कार्यों एवं आगामी कार्यक्रमों की विस्तार से सभी स्वर्णकार बंधुओं को जानकारी दी। इसके पश्चात समिति के पदाधिकारियों ने स्वर्णकार समाज के वरिष्ठजनों जिनमे नवल किशोर सोनी, शिवचरण सोनी, मथुराप्रसाद सोनी, प्रकाश नारायण ड्योडिया, अनिल सोनी, देवेंद्र कौशल, महेश सोनी, चंद्रशेखर सोनी, अजय सोनी, संजय ड्योडिया आदि सभी वरिष्ठजनों का माला पहनाकर, तिलक लगाकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि डा.विनय सोनी ने कहा कि स्वर्णकार समाज आज व्यापारिक क्षेत्र के साथ-साथ हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है चाहे वह



राजनीतिक क्षेत्र हो या प्रशासनिक क्षेत्र। इस दौरान नवल किशोर सोनी, शिवचरण सोनी, अनिल सोनी, प्रकाश ड्योडिया ने भी संबोधित किया। संचालन विशिष्ट आमंत्रित अतिथि पं.बृजमोहन संज्ञा ने व आभार प्रदेश उपाध्यक्ष मथुराप्रसाद सोनी एवं जिलाध्यक्ष कृष्णकांत सोनी ने संयुक्त रूप से जताया।

---

### ससुरालियों ने बच्चे समेत महिला को घर से निकाला

# न्यायालय के आदेश पर भी पति महिला को लेने नहीं पहुंचा

**ललितपुर।** सिविल लाइन कुरैशी फार्म हाऊस के पास रहने वाली रिमशा तारिक पुत्री मु.तारिक ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसकी शादी वर्ष 2020 के दिसम्बर माह की 15 तारीख को मोहल्ला गोविन्दनगर रावतयाना निवासी मोहम्मद फईम पुत्र अब्दुल कादिर के साथ मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार सम्पन्न हुयी थी। शादी के बाद से उसके जेठ सगीर, समीर, वसीम, जेठानी पम्मी नसीम, शबनम, देवर नईम व पति फईम, ननद रूबीना, भतीजी अनम, रोजी, गुल्लो, भतीजे सोनू मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं। आरोप है कि पति के साथ रहते हुये वह गर्भवती हुयी तो वह मायके आ गयी, जहां उसने एक बच्चे को जन्म दिया। जब वह अपने छह माह के बच्चे के साथ ससुराल पहुंची तो ससुरालियों ने 15-16 अप्रैल 2022 की रात करीब 2 बजे उसे घर से निकाल दिया। मामले की शिकायत पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को दी और मामला दर्ज कराया। यह मामला न्यायालय में विचाराधीन है। पीड़िता ने उक्त प्रकरण से बचने के लिए अपने पति फईम द्वारा न्यायालय से दाम्पत्य जीवन पुर्नस्थापन का वाद दायर किया, जिसमें न्यायालय ने 14 अगस्त 2025 को उसे पति साथ रहने का आदेश मिला, लेकिन न्यायालय के आदेश पर भी उसका पति उसे लेने नहीं आया। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में 28 अगस्त 2025 को सुबह 09 बजे वह अपनी ससुराल पहुंची तो उक्त लोगों ने उसके साथ गालियां देते हुये मारपीट कर दी और घर से बाहर निकाल दिया। पूरा घटनाक्रम वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में भी रिकॉर्ड हो गया। पीड़िता ने बताया कि मामले की सूचना उसने डायल 112 व 1090 पर दी, जिस पर पुलिस आयी, लेकिन कार्यवाही नहीं हुयी।


---

### जैन मंदिरों में साधूसंघ के माध्यम से हो रही अपूर्व धर्मप्रभावना

# सत्य पर तप निर्भर जिससे पवित्र होती वाणी-निर्भय सागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

नम्रता और प्रिय वचन मनुष्य के आभूषण हैं जिनके हृदय में सत्य का वास है उसके हृदय में परमात्मा का वास रहता है।सत्य को



सहन करना वहुत कठिन है, सत्य को समझाने की जरूरत है,दुनिया असत्य के पीछे जा रही है। सत्य की उपासना कर असत्य को त्यागना ही श्रेयस्कर बताते हुए पार्श्वनाथ दि० जैन अटा मंदिर में पर्यूषण पर्व पर आचार्य श्री निर्भयसागर महाराज ने व्यक्त किए।

आचार्य श्री ने कहा सत्य की उपलब्धि क्रोध, मान, माया,लोभ, लालच आदि कषायों को छोडने पर ही होती है। सोच समझकर हित-मित प्रिय जैसा देखा सुना वैसा बोलना चाहिए। इस कलिकाल में सत्य थका-हारा, परेशान सा नजर आता है। परन्तु सत्य न थक सकता है, और न हार सकता है, न अस्तिस्य खो सकता है। उसकी परेशानी एक दिन चमक विखेरती है और विजय श्री को प्राप्त करती है। धर्म सभा का शुभारम्भ श्रेष्ठीजनों ने आचार्य श्री का पादप्रक्षालन किया। प्रारम्भ में तत्वार्थसूत्र का वाचन आचार्य श्री संघ के सानिध्य में हुआ। प्रातःकाल आचार्य श्री के सानिध्य में मुनि



शिवदत्त सागर महाराज ने सामायिक प्रतिकमण ध्यान के माध्यम से साधन एवं भावपूर्ण जिनवंदना की। अभिनंदनोदय तीर्थ में मुनि सुदत्त सागर महाराज एवं मुनि पदमदत्त सागर महाराज के सान्निध्य में श्रावकों ने पर्वराज पर्यूषण पर्व पर प्रभु अभिषेक शान्तिधारा की। इस दौरान उन्होने कहा सत्य हमेशा मधुर, शिव और सुन्दर होता है। उन्होने कहा कि जिसके माध्यम से धर्म की रक्षा होती हो प्राणियों का उपकार होता है। विना पूछे ही बोलना और जहां आपका व अन्य का हित नहीं हो वहां मौन ही रहना उचित कहा है।

#### प्रभु की पूजन अर्चन कर धर्मलाभ लिया

*नगर के सभी जैन मंदिर आदिनाथ बड़ा मंदिर, चन्द्रप्रभु मंदिर डोडाघाट, शान्तिनगर मंदिर गांधीनगर इलाइट जैन मंदिर, सिविल लाइन जैन मंदिर में पहुचकर श्रावकों ने प्रभु की पूजन अर्चन कर धर्मलाभ लिया। पार्श्वनाथ नया मंदिर में समवशरण विधान का विधान हुआ जिसमें श्रावको ने अर्घ समर्पित कर पुंर्याजन किया। सायकाल आरती के उपरान्त जैन अटामंदिर में धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए ब्रहमचारिणी लवली दीदी ने कहा सत्य बलशाली होता है उसे सौ झूठ भले दवा लें लेकिन वह उपर आए बगैर नहीं मानेगा। सत्य प्रतिष्ठित है सत्य एक अनुभूति है सत्य वचन का पालन हर एक स्थिति में करना चाहिए। सत्य का पालन जिसने किया वह इस संसार से मुक्त हो गए। सायकाल जैन मंदिरों में आरती शास्त्र प्रवचन के पश्चात पार्श्वनाथ अटा नंदिर में नंदा सुनंदा महिला संभाग के संयोजन में भजन प्रतियोगिता हुई जिसमें कविता जैन प्रथम, सजय जैन द्वितीय एवं प्रियंक टड़या तृतीय रहे। कार्यक्रम का संचालन महिला मंडल की प्रमुख अनीता मोदी ने किया। अभिनंनोदय तीर्थ में पाठशाला परिवार के बच्चों ने आचार्य श्री विद्यासागर महाराज द्वारा रचित मूकमाटी पर आधरित नाटिका का मंचन किया जबकि पार्श्वनाथ जैन नया मंदिर में जिनवाणी की दुर्दशा नाटिका का मंचन हुआ। इसके अतिरिक्त नगर के जैन मंदिरों में सायंकाल धर्मसभा के उपरान्त रोचक कार्यक्रमों के माध्यम से अपूर्व धर्मप्रभावना हो रही है।*

## परियोजना प्रशासक विकास राजोरिया ने अन्य देशों के प्रतिनिधियों के सम्मुख दिया प्रजेंटेशन

परियोजना से किसानों के जीवन में आए बदलावों पर विस्तार से डाला प्रकाश

# स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में सराही गई मोहनपुरा सिंचाई प्रणाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कम पानी से अत्यधिक क्षेत्र में सिंचाई के चलते राजगढ़ जिले की मोहनपुरा, कुंडालिया दाबयुक्त सिंचाई परियोजना न केवल भारत के अन्य राज्यों में अपनाई जा रही है बल्कि वैश्विक स्तर पर भी इस परियोजना को काफी सराहना मिल रही है। विश्व के कई देश अपने यहां भी इस तरह की सिंचाई परियोजना के क्रियान्वयन में लगे हुए हैं।

इसी कड़ी में स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) द्वारा 24 से 28 अगस्त तक आयोजित 'वर्ल्ड वाटर वीक 2025' में अनेकों देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस दौरान जिले की मोहनपुरा-कुंडालिया सिंचाई परियोजना के प्रशासक विकास राजोरिया को भी इस भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त हुआ। राजोरिया ने जलवायु स्मार्ट जल संसाधन एवं सिंचाई प्रबंधन सत्र में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए उक्त परियोजना के लाभों से दूसरे देशों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया।

इस दौरान राजोरिया ने मोहनपुरा-कुंडालिया जैसी परिवर्तनकारी दाबयुक्त पाइप सिंचाई प्रणालीः आर्थिक बाधाओं का समाधान विषय पर अपने विचार रखे। उन्होंने बताया कि परियोजना के तहत लगभग 1100 से अधिक गांवों में 2 लाख 90 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में आज सिंचाई की जा रही है। इस परियोजना के कारण मध्यप्रदेश के 4 लाख से अधिक किसानों के जीवन में आमूलचूल बदलाव आया है।



### परियोजना के यह फायदे विस्तार से बताए

सिंचाई के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाली इस परियोजना के बारे में राजोरिया ने विस्तार से जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि इससे जल उपयोग दक्षता में 2.5 गुना की वृद्धि हुई है वहीं क्षेत्र में किसानों, मजदूरों का पलायन रुका है। इसके साथ ही कृषि उत्पादकता में भी 4 गुना तक वृद्धि दर्ज की गई है। आमजनों की आजीविका और शिक्षा के परिणामों में इससे सुधार देखने मिला है। अंत में राजोरिया ने उक्त वैश्विक मंच पर सिंचाई के क्षेत्र में बदलावों के प्रस्ततुतीकरण के लिए अपने सहयोगी शुभंकर विश्वास, मध्यप्रदेश के जल संसाधन विभाग और एशियाई विकास बैंक (एडीबी) का आभार व्यक्त किया।

### विभिन्न वैश्विक मंचों पर सराही जा चुकी है यह परियोजना

आपको बतादें कि मोहनपुरा-कुंडालिया सिंचाइ परियोजना को सर्वश्रेष्ठ समन्वित जल संसाधन प्रबंधन (आईडब्ल्यूआरएम) के लिए सीबीआईपी अवार्ड-2024 से नवाजा जा चुका है। इसके साथ ही परियोजना के लाभकारी परिणामों को देखते हुए गुजराज और महाराष्ट्र जैसे बड़े राज्य अपने यहां इस तरह की परियोजना पर काम कर रहे हैं। गत 8 से 10 जनवरी 2025 को आयोजित 12वें अंतराष्ट्रीय जल एवं पर्यावरण सम्मेलन में कई देशों के प्रतिनिधियों के सम्मुख यह परियोजना सराही जा चुकी है। इसके साथ ही सितंबर 2024 में इस आधुनिक सिंचाई परियोजना को देखने, समझने सितंबर 2024 में मोरक्कों का एक दल 2 दिवसीय दौरे पर राजगढ़ जिले में आ चुका है।

## राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में लववंशी ने किया सारंगपुर का नाम रोशन




**सारंगपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कालीकट, केरल में आयोजित दीक्षांत समारोह में नगर के होनहार छात्र रामेश्वर लववंशी ने सफलता प्राप्त कर सारंगपुर का नाम गौरवान्वित किया है। यह समारोह भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय में मंत्री एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास मंत्री डॉ. सुकांत मजूमदार की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ। रामेश्वर लववंशी पिता प्रेम नारायण पटेल के सुपुत्र एवं जयनगर नगर मंडल उपाध्यक्ष विनोद लववंशी के अनुज हैं। उनकी इस उपलब्धि पर नगर के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष भेरूलाल पुष्पद, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, पार्षद भानु सिंह, पूर्व महामंत्री दिनेश सिसोदिया, महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष ओम पुष्पद, सरपंच इंदर सिंह, नवीन रुण्डवाल, डॉ. ईश्वर सिंह, मोहन सिंह पटेल, निहाल राधेश्याम, पीरु लाल लाइनमैन, मणि शंकर पाटीदार, देवी सिंह पटेल तथा राधानगर सहित अनेक नागरिकों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

निर्धारित दस्तावेजों के संचालित हो रही थी यात्री बसें

## आरटीओ टीम ने 5 यात्री बसों पर ठोका 28 हजार का जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

क्षेत्र से निकले राष्ट्रीय राजमार्ग सहित अन्य आंतरिक मार्गों पर शासन के निर्देशों की अवहेलना करते हुए यात्री बसों का संचालन किया जा रहा है। लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए परिवहन विभाग ने दो दिवसीय चेकिंग अभियान चलाते हुए बगैर फिटनेस, बीमा और परमिट के संचालित हो रही पांच यात्री बसों पर 28 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है।

आरटीओ ज्ञानेंद्र वैश्य के निर्देशन 30 एवं 31 अगस्त को राजगढ़ क्षेत्र में यात्री बसों की चेकिंग के लिए अभियान चलाया गया। चेक प्वाइंट-1 प्रभारी अनामिका कोली के नेतृत्व में हुई इस कार्यवाही के दौरान यात्री बसों में दस्तावेजों की कमी, फिटनेस, पीयूसी की अवधि समाप्त होने एवं क्षमता से अधिक सवारियां बैठाने की लापरवाहियां सामने आईं। नियमों के उल्लंघन पर पांच यात्री बसों पर 28 हजार रुपए का जुर्माना अधिरोपित किया है।

**सतत रूप से जारी रहेगा चेकिंग अभियान-** इसके साथ ही परिवहन विभाग द्वारा बस संचालकों को चेतावनी दी गई है कि वे यात्री सुरक्षा से जुड़े सभी प्रावधानों का पालन करें एवं आवश्यक दस्तावेज समय पर नवीनीकृत रखें। आरटीओ वैश्य ने कहा कि यह चेकिंग अभियान आगे भी सतत रूप से जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों को किसी सूरत में बख्सा नहीं जाएगा।

## पानी में डूबने से गौरव पांचाल की मोत, हादसे से शोक छाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर के मुंदड़ा कॉलोनी निवासी गौरव पांचाल की बांध में डूबने से मौत की जानकारी लोगों को लगी बांध के घाट किनारे भारी भीड़ जमा हो गई मिलने जुलने वाले सहित आम लोगों में शोक छा गया।



रविवार सुबह यह दर्दनाक हादसा हुआ , जहां दोस्तों के साथ नहाने गए गोरव की पानी में डूबने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि गोरव पांचाल गहरे पानी में चला गया और बाहर नहीं निकल पाया। काफी प्रयासों के बाद भी उसे बचाया नहीं जा सका। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और अन्य व्यक्ति मौके पर पहुंचे । जहां पर लखन मेवाड़े , कमल वर्मा रमेश बरोज , निर्मल गुप्ता के द्वारा गहरे पानी में गुपचियां लगाकर निकलने का प्रयास किया गया एवं बड़ी मशक्कत के बाद शव को पानी से बाहर निकाला गया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार गौरव पिता दिलीप पांचाल मुंदडा कॉलोनी में निवास करते हैं गोरव दिलीप पांचाल का इकलौता पुत्र था, वह शासकीय महाविद्यालय में बीएससी सेकंड ईयर का छात्र था एवं सामाजिक तथा धार्मिक क्षेत्र में हमेशा अपनी सक्रिय भागीदारी निभाता था मुंदड़ा कॉलोनी में नवनिर्मित महादेव मंदिर में मंदिर सजावट में हमेशा विशेष रुचि रखकर कार्य करता था। इस हादसे से मुंदड़ा कॉलोनी सहित परिजनों नगर में मातम का माहौल छा गया है।

शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के सामने बाइक सवार ने महिला टीचर को मारी टक्कर, महिला घायल

## सिटी पोर्शन मार्ग पर गति अवरोधक नहीं होने से हो रही दुर्घटनाएं, शासन का नहीं इस ओर कोई ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

नगर में नवनिर्मित सिटी पोर्शन मार्ग पर प्रशासन की लापरवाही से तेज गति से दौड़ रहे वाहनों से मार्ग पर स्थित स्कूलों अस्पताल तथा मुख्य कार्यालयों एवं चौराहों पर डायवर्शन घूम के प्रमुख मार्गों पर गति अवरोधक नहीं होने से आए दिन हो रही दुर्घटनाएं। हाल ही में एक ताजा मामला शुक्रवार को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के सामने का आया है।

जिसका वीडियो सोशल मडिया पर शनिवार को सामने आया है जहां पर तहसील चोराहा से रांग साइड तेज गति से आ रहे। मोटरसाइकल सवार ने स्कूटी सवार महिला टीचर को टक्कर मारी दी जिससे महिला टीचर घायल हो गई। उत्कृष्ट विद्यालय में पदस्थ टीचर



तरुणा विश्वकर्मा से मिली जानकारी अनुसार बताया कि सुबह अपने घर स्कूल के लिए निकली तभी उत्कृष्ट विद्यालय घुम टर्न लेकर स्कूल में जा रही थी तभी रॉन्ग साइड तहसील चौराहे से तेज रफ्तार से आ रहे मोटरसाइकिल सवार युवक ने मुझे टक्कर मार दी इसके बाद में बेहोश हो गई। मुझे स्कूली बच्चों एवं आसपास के मौजूद लोगों ने शासकीय अस्पताल पहुंचाया। जहां मेरा इलाज चल रहा है मुझे हाथ पैर और सिर में गंभीर चोट आई है। इस मामले में मैंने खिलचीपुर थाने में शिकायती आवेदन दिया है। वहीं प्रशासन को संज्ञान लेते हुए समय पर इन संवेदनशील स्थानों पर गति अवरोधक एवं स्पीड लिमिट बोर्ड लगाए जाने चाहिए ताकी भविष्य में कोई भी गंभीर दुर्घटना होने से रोका जा सके।

## नपा कर्मचारी पुष्पद सम्मान के साथ हुए सेवानिवृत्त



**सारंगपुर।** नगर पालिका परिषद सारंगपुर में कार्यरत सहायक ग्रेड-2 मांगीलाल पुष्पद 31 अगस्त को 62 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर सेवामुक्त हुए। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी ज्योति सुनहरे की उपस्थिति में नगर पालिका कार्यालय में भावनात्मक विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों ने पुष्प गुच्छ, श्रीफल एवं शॉल ओढ़ाकर श्री पुष्पद का सम्मान किया। इस दौरान वक्ताओं ने उनके लम्बे सेवा काल को नगर पालिका के लिए अमूल्य बताते हुए कहा कि उन्होंने अपनी कर्मनिष्ठा, ईमानदारी और सौम्य स्वभाव से संस्था की गरिमा को बढ़ाया। कर्मचारियों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि पुष्पद सदैव मार्गदर्शन और सरल स्वभाव के लिए सभी के बीच प्रिय रहे हैं। विदाई समारोह में राज्य कर्मचारी संघ पदाधिकारी धर्मेन्द्र वर्मा, अतुल सक्सेना, घासीराम मालवीय द्वारा हाल ही में सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों शाकीर कुरैशी (सहा.रा.निरी.), कैलाश माली (पंपकुली) तथा वर्तमान सेवानिवृत्त मांगीलाल पुष्पद (सहा.ग्रेड-02) का सम्मान किया गया। इस अवसर पर निकाय उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा, पार्षद प्रतिनिधि कुलदीप राठौर, सुनील बागवान, पूर्व पार्षद शिवचरण पुष्पद, पूर्व माली समाज अध्यक्ष शिव काका सहित नगर पालिका परिषद के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जन्म-जन्मांतर के पुण्य से मिलता है संतसंग : पं. मनीष शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में शनिवार से सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ भव्य धार्मिक माहौल में हुआ। पहले दिन व्यासपीठ पर विराजमान पंडित मनीष शास्त्री ने कथा की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि संतसंग और भागवत कथा का श्रवण जन्म-जन्मांतर के पुण्यों का फल है। यह साधारण अवसर नहीं, बल्कि जीवन को सार्थक बनाने का अद्भुत माध्यम है।" शास्त्री ने श्रीमद्भागवत को कल्पवृक्ष बताते हुए कहा कि जैसे कल्पवृक्ष से मनुष्य को इच्छित फल प्राप्त होता है, उसी प्रकार भागवत कथा श्रवण से मनोवांछित फल मिलता है। उन्होंने कहा कि यह कथा केवल धार्मिक अनुष्ठान



नहीं है, बल्कि जीवन को दिशा देने वाली दिव्य धारा है, जो श्रद्धा, भक्ति और कर्म में संतुलन बनाए रखने की प्रेरणा देती है।

प्रथम दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर प्रांगण में एकत्र हुए और वातावरण भक्ति-भाव से सराबोर हो उठा। शास्त्रीजी ने कहा कि श्रीमद्भागवत केवल ग्रंथ नहीं, बल्कि भगवान श्रीकृष्ण का साक्षात स्वरूप है, जिसके श्रवण मात्र से जीवन के कष्ट दूर होते हैं और आत्मा-परमात्मा से जुड़ने का मार्ग प्रशस्त होता है। सप्तदिवसीय कथा प्रतिदिन रात्रि 8 से 11 बजे तक आयोजित की जा रही है। श्रद्धालु सामूहिक भजन-कीर्तन और प्रवचनों का आनंद ले रहे हैं। कथा का समापन 5 सितम्बर को महाप्रसादी वितरण के साथ किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि समापन दिवस पर क्षेत्रभर से भारी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। कथा आयोजन से पूरे गांव में धार्मिक वातावरण बना हुआ है। महिलाएं, पुरुष और युवा सभी उत्साहपूर्वक कथा श्रवण के लिए पहुंच रहे हैं। दीप प्रज्वलन और मंगलाचरण के साथ शुरू हुए इस आयोजन में शास्त्रीजी ने कहा कि भागवत केवल सुनने का विषय नहीं, बल्कि इसे जीवन में उतारने का संदेश देती है। यदि हम इसके आदर्शों को आचरण में लाएं तो समाज और व्यक्ति दोनों का कल्याण सुनिश्चित हो सकता है।

जनसभा व धरना प्रदर्शन का आयोजन किया

## धरना प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव जमकर गरजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल

सोमवार को अरनिया कला के हाट बजार मैदान में कांग्रेस द्वारा बीमा राशि व सोयाबीन में पीले मौजेक को लेकर कालापीपल के पूर्व विधायक व कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव कुणाल चौधरी, प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष महेन्द्र जोशी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश्वर प्रताप सिंह द्वारा जनसभा एवं धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया।

धरना प्रदर्शन के दौरान राष्ट्रीय सचिव व पूर्व विधायक ने कहा कि आज कहीं न कहीं प्रदेश का अन्नदाता दुखी है। किसानों को उनकी फसलों के दम नहीं मिल पा रहे हैं। प्याज का निर्यात रुका हुआ है। किसान आर्थिक परेशानी से जूझ रहा है लेकिन सरकार को उनकी आवाज सुनाई नहीं दे रही है। बीमा के नाम पर बैंक द्वारा बीमा प्रीमियम तो काटा गया लेकिन बीमा राशि देने में किसानों के साथ छलावा किया।




पूर्व विधायक बोले रतलाम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के काफिले पर पत्थरों से हमला किया गया लेकिन पुलिस देखती रही क्या यही कानून व्यवस्था है। कांग्रेस डरने वाली नहीं है वह सड़क से लेकर सदन तक किसान, युवा, मजदूर, शिक्षा बेरोजगार, स्वास्थ्य के मुद्दों को उठते रहेंगे। इस दौरान राज्यपाल के नाम कार्यपालिक मजिस्ट्रेट प्रदीप केन को ज्ञापन सौंपकर ज्ञापन में दिए गए बिंदू की निराकरण करने की मांग की गई।

### जेई के खिलाफ की नारेबाजी

अरनियाकला के किसानों भी कीट नाशक छिड़काव के समय बिजली के तारो से हुई मौत के मामले मे उस वक्त तुल पकड़ लिया। जिस वक्त पूर्व विधायक चौधारी के बुलाने पर भी जेई धरना स्थल पर नही पहुंचे इस दौरान बिजली कंपनी के जेई पर प्रकरण दर्ज करने की मांग करते हुए किसानों ने जमकर नारेबाजी की।

शिवभक्ति मय माहौल में रमा आया आयोजन स्थल

## सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग रुद्राभिषेक अनुष्ठान में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग रुद्राभिषेक अनुष्ठान के तीसरे दिन रविवार को हजारों की तादाद में श्रद्धालु महिलाओं, पुरुषों व बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। खचाखच भरे पंडाल में महिलाओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए समिति को अतिरिक्त पंडाल की व्यवस्था करनी पड़ी। भक्तिमय वातावरण में दिनभर लाखों पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण कर श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया। धर्माचार्य पंडित सोमेश परसाई ने अपने प्रवचन में धर्म का महत्व बताते हुए कहा कि धर्म रक्षार्थ सदा तत्पर रहना चाहिए, क्योंकि धर्म ही मानव जीवन का आधार है। उन्होंने पार्थिव शिवलिंग पूजन से शुभ फल व पुण्य फल प्राप्त होने की बात कही। अनुष्ठान के तीसरे दिन शहर के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण



क्षेत्रों व दूसरे शहरों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। मंत्रोच्चार व वैदिक विधि-विधान के बीच धर्माचार्य द्वारा रुद्राभिषेक सम्पन्न कराया गया। हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष विधायक मोहन शर्मा ने बताया कि सोमवार को अनुष्ठान के चौथे दिन पूजन की थाली में श्रद्धालुओं को निशुल्क रुद्राक्ष वितरित किए जाएंगे। उन्होंने श्रद्धालुओ की सुविधा के लिए व्यवस्थाएं सुचारू किये जाने की बात कही। सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग रुद्राभिषेक महाअनुष्ठान लगातार श्रद्धा, आस्था व उत्साह के साथ आगे बढ़ रहा है और नगर सहित पूरे क्षेत्र में धार्मिक माहौल का संचार कर रहा है।

सेवा सदन में दिव्यांग क्रिकेटर प्रेमी की मांग पर विधायक प्रतिनिधि ने भेंट की क्रिकेट किट

## प्रतिभाओं का सहयोग कर उन्हें प्रोत्साहित करना हमारा पहला कर्तव्य : पृथ्वीराज टेटवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

प्रतिभाओं का हर संभव सहयोग कर उन्हें प्रोत्साहित करना हमारा पहला कर्तव्य है, जिसे निभाने का हम प्रयास कर रहे हैं। चाहे खेल हो या फिर अन्य क्षेत्र हम हर वर्ग और समुदाय के व्यक्ति की प्रतिभा को निखारने में मदद करेंगे। यह किट ग्रामीण क्षेत्र के इस प्रतिभा को देते हुए मुझे बहुत ही हर्ष और सुकून मिला है कि मैं इसको बयान नहीं कर सकता हूं। यह बात सेवा सदन कार्यालय में रविवार को सादे समारोह में ग्राम पंचायत देदला के दिव्यांग क्रिकेटर सुनील गुर्जर को क्रिकेट किट भेंट करते हुए विधायक प्रतिनिधि पृथ्वीराज टेटवाल ने व्यक्त की।



**सोशल मीडिया पर आए छोटे से संदेश के माध्यम से दी बड़ी मदद :** कभी-कभी एक छोटा सा संदेश, एक साधारण सी अपील दिल को ऐसे छू जाती है कि वह जीवन की दिशा तय कर देती है। ऐसा ही एक क्षण तब आया, जब एक दिव्यांग क्रिकेटर सुनील गुर्जर ने सोशल मीडिया पर एक संदेश पृथ्वीराज टेटवाल को भेजा था। गुर्जर ने टेटवाल को मैसेंजर पर लिखा था कि श्भैया, मैं दिव्यांग क्रिकेटर हूं, एमपी टीम में मेरा चयन हुआ है। मैं आपकी विधानसभा से हूं। मुझे क्रिकेट किट की जरूरत हैरू कृपा होगी। बस इतना पढते ही विधायक प्रतिनिधि टेटवाल कुछ पल के लिए ठहर गए। मन में पिता की वो सीख गूंजने लगी, कि बेटा, तू किसी पद से नहीं, सेवा से बडा बनेगा। और जब किसी की आवाज दिल तक पहुँचे, तो सोच मत बस आगे बढना। श्री टेटवाल ने तत्काल भोपाल में अपने एक मित्र को फोन किया, क्रिकेट किट मंगवाई और रविवार को सुनील को किट सौंप दी। यह कोई सहायता नहीं थी यह एक सपने को उडान देने की चुपचाप कोशिश थी। उस क्षण सुनील की आंखों में जो आंसू थे वो आभार के नहीं थे, वो एक स्वीकृति थी कि कोई है जो देख रहा है, सुन रहा है, और बिना कहे समझ रहा है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, महामंत्री कमल राठौर, सुशील व्यास, कमलेश टेटवाल, युवा मोर्चा अध्यक्ष राहुल पुष्पद, राजेंद्र सर्वावत, कमल राठौर, दीपक पुष्पद, अंतरिक्ष पारीक, प्रदीप टेटवाल, इफ्तिखार अंसारी सहित अन्य उपस्थित थे।